दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 06/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महागठबंधन में शामिल होने की अटकलों को खारिज किया है। आज प्रगति यात्रा के दौरान वैशाली जिले के बेलसर में पत्रकारों से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि उन्हें एनडीए में काफी सम्मान मिला है इसलिए कहीं और जाने का सवाल ही नहीं पैदा होता है। श्री कुमार ने इससे पूर्व दो सौ अट्‌ठहत्तर करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और जीविका दीदियों के साथ संवाद किया।

———————————————————————

चीन में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस–एचएमपीवी फैलने की चिंताओं के बीच, कर्नाटक में भी एचएमपीवी के दो मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद–आईसीएमआर ने एचएमपीवी के दो मामलों का पता लगाया है। इसमें तीन महीने की एक बच्ची और आठ महीने का एक बच्चा वायरस से संक्रमित हुआ है। दोनों का इलाज चल रहा है। दोनों मरीजों में से किसी ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रा नहीं की थी। इस बीच आईसीएमआर में कहा कि एचएमपीवी वायरस से घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

———————————————————————

सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज का तीन सौ अट्‌ठावनवां प्रकाश पर्व आज पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में विशेष दीवान सजाया गया है। शबद–कीर्तन और गुरुवाणी से पूरा वातावरण गुंजायमान है। प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए देश विदेश से बड़ी संख्या में सिख संगत पटना साहिब पहुंचे हैं। प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह आज देर रात तक जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में गुरू गोबिंद सिंह जी महाराज के साहस के साथ—साथ उनकी करुणा को याद किया है। श्री मोदी ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन कई लोगों के लिए शक्ति का स्रोत बना हुआ है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की जयंती पर उन्हें नमन किया है।

———————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भीषण ठंड की स्थिति बनी हुई है। सुबह के समय पटना, गया, भागलपुर और पूर्णियां में घने स्तर का जबकि राज्य के शेष हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहा। कुहासे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव सात डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ छपरा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान मे कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। वहीं, कल सुबह के समय राज्य के उत्तरी हिस्सों में अधिकांश जगहों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———————————————————————

पटना के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंपापुर में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों पेशे से चिकित्सक थे और इनकी पहचान मोतिहारी के नियाज अहमद तथा दिघवारा के अभिषेक श्रीवास्तव के रूप में हुई है। दोनों पटना से नवादा जा रहे थे। कोहरे के कारण एक वाहन से टक्कर होने के कारण यह हादसा हुआ।

———————————————————————

राजस्व आसूचना निदेशालय की टीम ने बेगूसराय के फतेहा के पास दो कार से नब्बे किलो गांजा बरामद की है। मौके से पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————————

औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के डिहरी रजवाड़ बिगहा गांव के पास सड़क किनारे खड़ी एक बस को तेज रफ्तार हाइवा ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक किशोरी की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गये।

————————————————————————————————

सुपौल के निर्मली स्टेशन पर लहेरियासराय सहरसा मेमू ट्रेन के नीचे एक महिला फंस गई। आरपीएफ और स्थानीय लोगों की मदद से उसे सुरक्षित निकाला गया।

————————————————————————————————

समाप्त